# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2007 सत्र

### मंगलवार, दिनांक 10 जुलाई, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

कबीर स्थान दामाखेड़ा के उत्थान हेतु आवंटित राशि

1. (*क्र. 49) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कबीर स्थान दामाखेड़ा, जिला रायपुर के उत्थान हेतु विभाग द्वारा कितनी राशि किन-किन मदों में कौन-कौन से कार्य हेतु आवंटित की गई है ? कितनी राशि व्यय की गई है ? (ख) अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण कर दिया जावेगा ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) वर्ष 2005-06 में कोई राशि आवंटित नहीं की गयी. वित्तीय वर्ष 2006-07 में कबीर स्थान दामाखेड़ा जिला रायपुर के उत्थान हेतु जिलाध्यक्ष रायपुर द्वारा रु. 50.00 लाख तथा पर्यटन विभाग द्वारा रु. 48.00 लाख आवंटित किया गया. जिसका विवरण † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने का विवरण † संलग्न परिशिष्ट में उपलब्ध है.

औद्योगिक इकाईयों के विस्तार की अनुमति

2. (*क्र. 149) **श्री प्रीतम सिंह दीवान :** क्या आवास एवं पर्यावरण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि उरला, सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र एवं उनके आसपास स्थापित किन-किन स्पंज आयरन प्लांट, पावर प्लांट को 1 जनवरी, 2006 से 31 मई, 2007 के अंतराल में विस्तार की अनुमति कब-कब दी गई है ?

**आवास एवं पर्यावरण मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : उरला, सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र एवं उनके आस-पास स्थित 11 स्पंज आयरन प्लांटों को उल्लेखित अवधि में विस्तार हेतु अनुमति (स्थापना सम्मति) दी गई. उक्त अवधि में उल्लेखित क्षेत्र में किसी पॉवर प्लांट को क्षमता विस्तार हेतु अनुमति (स्थापना सम्मति) नहीं दी गई है. विवरण †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

आवर्धन जल योजना को स्वीकृति हेतु लंबित प्रकरण

3. (*क्र. 13) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा, तखतपुर एवं पथरिया के अंतर्गत आने वाले कितने ग्रामों की आवर्धन जल योजना हेतु प्राप्त प्रस्ताव के कितने प्रकरण स्वीकृति हेतु राज्य शासन के पास लंबित है. (ख) स्वीकृति कब तक दी जा सकेगी ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा, तखतपुर एवं पथरिया के अंतर्गत आने वाले किसी भी ग्राम की आवर्धन जलप्रदाय योजना स्वीकृति हेतु राज्य शासन के पास लंबित नहीं है. (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत प्रदत्त राशि का व्यय

4. (*क्र. 174) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के बरमकेला वि. खं. में 11वां/12वां वित्त आयोग से संपूर्ण ग्रामीण स्वच्छता अभियान के तहत 2005-06 एवं 2006-07 में शौचालय निर्माण हेतु ग्रामवार कितनी-कितनी राशि प्रदाय की गयी ? कितने शौचालय पूर्ण किये गये ? कितने अपूर्ण हैं ? (ख) ग्राम पंचायत बड़े नावापारा में किन-किन व्यक्तियों के घर में शौचालय निर्माण के लिए उपरोक्त दोनों वर्ष में कितनी-कितनी राशि प्रदाय की गयी एवं 2007-08 में शौचालय निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को कितनी राशि प्रदाय की गयी है ?

† परिशिष्ट "एक" †† परिशिष्ट "दो"

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : (क) रायगढ़ जिले के बरमकेला विकास खंड में 11वां/12वां वित्त आयोग से सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत 2005-06 एवं 2006-07 में शौचालय निर्माण हेतु 84 ग्राम पंचायतों के लिए रु. 10142621/- की राशि प्रदाय किया गया ग्राम पंचायतवार प्रदाय की गई राशि की जानकारी पृथक से पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-अ में है. कुल 2373 शौचालय पूर्ण किये गये तथा 3185 शौचालय अपूर्ण है. (ख) ग्राम पंचायत बड़े नवापारा में शौचालय निर्माण हेतु वर्ष 2005-06 में रु. 534953/- वर्ष 2006-07 में रु. 131253/- कुल रु. 666206/- प्रदाय किये गये. वर्ष 2007-08 में ग्राम पंचायत को कोई राशि प्रदाय नहीं किये गये हैं. राशि एवं हितग्राहियों (व्यक्तियों) को दी गई राशि की जानकारी पृथक से पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-ब में है.

राजस्व अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण

5. ( *क्र. 77) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश की कितनी तहसीलों में राजस्व अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है ? कितनी तहसीलों में कार्य शेष है ? (ख) कितनी तहसीलों में कृषकों को नक्शा, खसरा, बी-1, पांचसाला, कम्प्यूटर द्वारा प्रदाय करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) प्रदेश के समस्त 98 तहसीलों के राजस्व अभिलेखों में से खसरा पांचसाला एवं बी-1 का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है. खसरा, पांचसाला एवं बी-1 के कम्प्यूटरीकरण का कार्य किसी भी तहसील में शेष नहीं है. (ख) प्रदेश के सभी तहसीलों में खसरा पांचसाला एवं बी-1 की कम्प्यूटरीकृत प्रतिलिपि कृषकों के मांग के आधार पर उपलब्ध कराई जा रही है. कम्प्यूटर के माध्यम से नक्शों की प्रतिलिपि राज्य के केवल दुर्ग जिले में ही प्रदाय की जा रही है.

आदिवासी बालक एवं बालिका छात्रावास की स्वीकृति

6. ( *क्र. 136) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड में विगत तीन वर्षों में कौन-कौन से ग्रामों में आदिवासी बालक एवं आदिवासी बालिका छात्रावास की स्वीकृति प्रदान की गई है ? (ख) वर्तमान में कौन-कौन से गांवों में छात्रावास खोलने के प्रस्ताव विभाग के पास विचाराधीन है ?

**राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास** ( श्री सत्यानंद राठिया) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :-

| वर्ष | विकासखंड | ग्राम का नाम | छात्रावास का नाम |
|---|---|---|---|
| 2005-06 | कसडोल | सोनाखान | प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास |
| | कसडोल | सोनाखान | प्री मेट्रिक आदिवासी बालिका छात्रावास |
| 2006-07 | कसडोल | कसडोल | पो. मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास |
| | कसडोल | कसडोल | पो. मेट्रिक आदिवासी बालिका छात्रावास |
| | कसडोल | असनींद | प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास |
| 2007-08 | कसडोल | कसडोल | प्री मेट्रिक आदिवासी बालिका छात्रावास |
| | बिलाईगढ़ | बिलाईगढ़ | प्री मेट्रिक आदिवासी बालिका छात्रावास |

(ख) वर्तमान में ग्राम मधाईभांठा विकासखंड बिलाईगढ़ में प्री मेट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोलने का प्रस्ताव विचाराधीन है.

बस्तर में साल एवं सागौन इमारती लकड़ियों की अवैध कटाई के दर्ज प्रकरण

7. ( *क्र. 88) **श्री भूपेश बघेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2006 से दिनांक 20-06-2007 तक बस्तर में साल एवं सागौन इमारती लकड़ियों के अवैध कटाई के कितने प्रकरण बने हैं ? कितनी लकड़ी जप्त की गई है ? कितने लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज हुआ है ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल) : वर्ष 2006 से 20-06-2007 तक बस्तर में साल इमारती लकड़ी के 1849 प्रकरण एवं सागौन इमारती लकड़ी के 669 प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिसमें 1142 घन मीटर साल एवं 928.5 घन मीटर सागौन लकड़ी जप्त की गई है तथा साल के प्रकरणों में 992 व्यक्ति एवं सागौन प्रकरणों में 288 व्यक्तियों के विरुद्ध वन अपराध दर्ज हुए हैं.

निर्मल ग्राम पुरस्कार हेतु निर्धारित अर्हताएं/मापदण्ड

8. ( *क्र. 167) **मोहम्मद अकबर :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि इस वर्ष प्रदेश की किन-किन ग्राम पंचायतों को निर्मल ग्राम पुरस्कार प्राप्त हुआ है ? पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अर्हताएं तथा निर्धारित मापदण्ड क्या थे ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : प्रदेश के 90 ग्राम पंचायतों को निर्मल ग्राम पुरस्कार प्राप्त हुआ है, पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "क" अनुसार. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए भारत शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड तथा अर्हताएं की प्रति पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ख" अनुसार.

एल. पी. जी. प्लांट की स्थापना हेतु जारी एन. ओ. सी.

9. ( *क्र. 153) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या आवास एवं पर्यावरण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या रायपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र उरला, सिलतरा और उसके आसपास, एल. पी. जी. गैस प्लान्ट फिलिंग की स्थापना हेतु पर्यावरण विभाग/मंडल द्वारा N.O.C. दी गई है ? यदि हां, तो कब और किन-किन को ? (ख) कंडिका "क" के स्थापित एवं स्थापित होने वाले प्लांटों के आसपास कौन-कौन से स्पंज आयरन उद्योग/पावर प्लांट कितनी दूरी पर स्थित है ?

**आवास एवं पर्यावरण मंत्री** ( श्री गणेशराम भगत) : (क) जी हां. विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. (ख) विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार.

राहत मद से जिलों को आवंटित राशि की जानकारी

10. ( *क्र. 78) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08 के प्रथम त्रैमास में राहत मद से कितनी-कितनी राशि जिलेवार आवंटित की गई है ? (ख) आपदा राहत मद से बस्तर/दक्षिण बस्तर, नारायणपुर तथा बीजापुर जिले में कितनी-कितनी राशि 20-06-2007 तक व्यय की गई है ? (ग) राहत मद से कितने श्रम बाहुल्य कार्य की स्वीकृति दी गई ? कितने श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया ? जिलेवार जानकारी दी जाये ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्रामों में नलजल योजना की स्वीकृति

11. ( *क्र. 137) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कसडोल विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड में नलजल योजना कहां-कहां संचालित है ? (ख) उक्त क्षेत्र में किन-किन ग्रामों में नलजल योजना स्वीकृति के लिये शासन के पास विचाराधीन है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप) : (क) †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) निरंक.

संस्कृति विभाग के बजट वर्ष 2006-07 में स्वीकृत एवं व्यय राशि

12. ( *क्र. 89) **श्री भूपेश बघेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि संस्कृति विभाग के बजट में वर्ष 2006-07 के लिए स्वीकृत राशि किस-किस मद में कितनी-कितनी खर्च की गयी ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल) : संस्कृति विभाग के बजट में वर्ष 2006-07 के लिए मदवार स्वीकृत की गई राशि एवं खर्च की गई राशि की जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट में है.

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार" ‡ परिशिष्ट "पांच"

रायपुर एवं दुर्ग तहसील के पटवारी हल्कों का कम्प्यूटरीकरण

13. ( *क्र. 168) **मोहम्मद अकबर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर एवं दुर्ग तहसील के कौन-कौन से पटवारी हल्कों का नक्शा सहित शत प्रतिशत कम्प्यूटरीकरण हो गया है तथा कौन-कौन से कहां के कितने शेष हैं ? (ख) उक्त हल्कों के कम्प्यूटरीकरण में अलग-अलग कुल कितनी-कितनी प्रविष्टियां नाम एवं खसरे नंबरों की है तथा पहला और अंतिम नाम तथा नम्बर क्या-क्या है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) रायपुर एवं दुर्ग तहसील के सभी पटवारी हल्कों का नक्शा सहित शत-प्रतिशत कम्प्यूटरीकरण हो गया है. कोई भी हल्का शेष नहीं है. दुर्ग तहसील में कुल 116 ग्राम हैं जिनमें से 10 ग्राम पूर्णतया भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अर्जित कर लिये गए हैं, इन ग्रामों का भू-अभिलेख संधारित नहीं किया जाता, अतएव इन ग्रामों के अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण नहीं किया गया है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है.

----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 49) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**कबीर संस्थान दामाखेड़ा के उत्थान हेतु आवंटित राशि का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्रमांक (1) | मद (2) | प्राप्त आवंटन (3) | क्र. (4) | कार्य का नाम (5) | स्वीकृत राशि (लाखों में) (6) | व्यय राशि (लाखों में) (7) | कार्य की स्थिति (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कबीर संस्थान दामाखेड़ा के समन्वित विकास कार्यक्रम. | 50,00,000/- | 1 | कांक्रीट रोड गली रोड निर्माण कबीरधाम दामाखेड़ा. | 19.49 | 16.32 | कार्य पूर्ण |
| | | | 2 | यामी रोड/सभा मंच निर्माण दामाखेड़ा. | 14.50 | 4.29 | कार्य प्रगति पर |
| | | | 3 | प्रतिक्षालय के बाजू में फिलिंग कार्य दामाखेड़ा. | 0.25 | 0.25 | कार्य पूर्ण |
| | | | 4 | शुलभ शौचालय स्नानागार एवं कांक्रीट/टाईल्स कार्य दामाखेड़ा. | 15.76 | - | निविदा कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. |
| 2. | - | 48,00,000/- | 1 | यज्ञ स्थल भवन निर्माण दामाखेड़ा | 48.00 | 8.64 | छत स्तर तक पूर्ण |
| | | | | योग | **98.00** | **29.50** | |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 02 (क्र. 149) की जानकारी ]

**उरला, सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र एवं आस-पास स्थित स्पंज आयरन प्लांट/पावर प्लांट को 01 जनवरी, 2006 से 31 मई, 2007 की अवधि में विस्तार की अनुमति (स्थापना सम्मति) की जानकारी**

| क्र. | उद्योग का नाम व पता | विस्तार हेतु अनुमति/स्थापना सम्मति जारी किये जाने का दिनांक |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| स्पंज आयरन प्लांट | | |
| 1. | मे. ड्रोलिया इलक्ट्रो स्टील (प्रा.) लि., यूनिट-2 ग्रामसिलतरा, रायपुर | 13-02-2006 |
| 2. | मे. सुनील स्पंज प्रा. लि., सिलतरा, रायपुर | 7-04-2006 |
| 3. | मे. ग्रेविटी टेक्निकम प्राईवेट लि., अछोली, रायपुर | 29-04-2006 |
| 4. | मे. श्री सीता इस्पात एण्ड पॉवर प्रा. लि., ग्राम बोरझरा, उरला-गुमा रोड, बिलासपुर | 29-04-2006 |
| 5. | मे. गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लि., (पूर्व नाम मे. इस्पात गोदावरी लि.) औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा, फेस-1, रायपुर. | 04-05-2006 |
| 6. | मे. श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लि., ग्राम-बोरझरा, गुमा-उरला रोड, रायपुर | 04-07-2006 |
| 7. | मे. एस. के. सरावगी एण्ड कम्पनी (प्रा.) लि. सिलतरा, रायपुर | 18-07-2006 |
| 8. | मे. एस. के. एस. इस्पात लि., ग्रामसिलतरा, रायपुर | 11-10-2006 |
| 9. | मे. रश्मी स्पंज आयरन प्रा. लि., (पूर्व नाम मे. जे. आर. जी. क्रेडिट एण्ड होल्डिंग (प्रा.) लि., ग्राम-सिलतरा, रायपुर. | 04-01-2007 |
| 10. | मे. अग्रवाल स्पंज (प्रा.) लि., सिलतरा, रायपुर | 05-02-2007 |
| 11. | मे. श्री हरेकृष्णा स्पंज आयरन (प्रा.) लि., ग्राम-सिलतरा, रायपुर | 26-03-2007 |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्र. 153) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**औद्योगिक क्षेत्र उरला, सिलतरा और उसके आसपास, एल. पी. जी. गैस प्लांट फिलिंग की स्थापना हेतु मंडल द्वारा प्रदत्त स्थापना सम्मति की जानकारी**

| क्र. | उद्योग का नाम व पता | स्थापना सम्मति जारी किये जाने का दिनांक |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | मेसर्स इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा, फेस-1, रायपुर | 16-11-2005 |
| 2. | मेसर्स अंकित एल. पी. जी. बॉटलर्स, औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा, फेस-2, रायपुर | 22-02-2003 |

प्रपत्र "च "

**औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा, फेस-1 एवं फेस-2 में स्थित एल. पी. जी. बाटलिंग प्लांट के आस-पास स्थित स्पंज आयरन प्लांट के संबंध में जानकारी**

| क्र. | उद्योग का नाम व पता | आस-पास स्थित स्पंज आयरन उद्योगों का नाम एवं दूरी | |
|---|---|---|---|
| | | नाम | दूरी |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | मेसर्स इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा फेस-1, रायपुर. | मे. महामाया स्पंज आयरन प्राईवेट लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 50 मीटर |
| | | मे. छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रीसिटी कंपनी लिमिटेड (पावर प्लांट), सिलतरा. | लगभग 400 मीटर |
| | | मे. रायपुर एलॉयज एण्ड स्टील लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 700 मीटर |
| | | मे. गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 600 मीटर |
| 2. | मेसर्स अंकित एल. पी. जी. बॉटलर्स, औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा, फेस-2 रायपुर. | मे. रामनिवास इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 100 मीटर |
| | | मे. एस. के. सरावगी एण्ड कंपनी प्राईवेट लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 300 मीटर |
| | | मे. अग्रवाल स्पंज प्राईवेट लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 450 मीटर |
| | | मे. महेन्द्रा स्पंज एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 700 मीटर |
| | | मे. वंदना ग्लोबल लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 600 मीटर |
| | | मे. जी. आर. स्पंज एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 700 मीटर |
| | | मे. श्री हरेकृष्णा स्पंज आयरन प्राईवेट लिमिटेड, सिलतरा | लगभग 700 मीटर |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 137) के भाग (क) की जानकारी ]

**कसडोल विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित नलजल योजनाओं की जानकारी**

| क्र.<br>(1) | विकासखण्ड<br>(2) | ग्राम का नाम<br>(3) |
|---|---|---|
| 1. | कसडोल | कसडोल नगर पंचायत |
| 2. | कसडोल | हसुवा |
| 3. | कसडोल | गिरौदपुरी |
| 4. | कसडोल | गिरौदपुरीधाम |
| 5. | कसडोल | महाराजी (छातापहाड़) |
| 6. | कसडोल | चांदन |
| 7. | कसडोल | नगेड़ा |
| 8. | कसडोल | सोनाखान |
| 9. | कसडोल | बीरनारायणपुर |
| 10. | कसडोल | टुण्ड्रा |
| 11. | कसडोल | बलौदा |
| 12. | कसडोल | राजादेवरी |
| 13. | कसडोल | मड़वा |
| 14. | बिलाईगढ़ | पवनी |
| 15. | बिलाईगढ़ | टुण्ड्री |
| 16. | बिलाईगढ़ | बिलाईगढ़ |

परिशिष्ट " पांच "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 89) की जानकारी ]

**मांग संख्या 26**

**संस्कृति विभाग के बजट में वर्ष 2006-07 के लिए स्वीकृत राशि एवं मदवार खर्च का विवरण पत्रक**

**आयोजना**

| क्र. | मद का विवरण | वर्ष 2006-07 में बजट प्रावधान | वर्ष 2006-07 में खर्च की गई राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | **लेखा शीर्ष 2205 कला और संस्कृति** | | |
| | **101 ललित कलाओं की शिक्षा** | | |
| 1. | 3077 बहुआयामी संस्कृति संस्थान | 5000000-केन्द्रांश*<br>5000000-राज्यांश<br>10000000 | 5000000<br>(छ. ग. पर्यटन मण्डल को कार्य करने हेतु आवंटित की गई) |
| | **103-पुरातत्व** | | |
| 2. | 2832-फोटोग्राफी | 225000 | 178961 |
| 3. | 3594-मेला/उत्सव/प्रदर्शनी | 4000000 | 3741000 |
| 4. | 4267-शोध संगोष्ठी | 1300000 | 1001000 |
| 5. | 598- उत्खनन तथा सर्वेक्षण | 3100000 | 2724149 |
| 6. | 8256-पुरातत्व संचालनालय संरक्षित स्मारकों/संग्रहालय को अनुदान. | 1840000 | (यह राशि केन्द्र से प्राप्त नहीं है) |
| | **105-सार्वजनिक पुस्तकालय** | | |
| 7. | 4513-सार्वजनिक पुस्तकालय | 3600000 | 3590000 |
| | **800-अन्य व्यय** | | |
| 8. | 4060-विविध संस्थाओं को अनुदान | 12500000 | 12434000 |
| 9. | 5753-समारोह हेतु अनुदान | 12900000 | 12641699 |
| 10. | 799-कलाकार कल्याण कोष | 250000 | 250000 |
| | **लेखा शीर्ष 3454 जनगणना सर्वेक्षण और सांख्यिकी विवरण** | | |
| | 6041-जिला विभागियका पुनरीक्षण | | |
| 11. | 01-वेतन भत्ते-कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वेतन भत्ते | 734000 | 700837 |
| 12. | 03-यात्रा भत्ता | 40000 | 25000 |
| 13. | 04 कार्यालय व्यय | 35000 | 24998 |
| | **योग मांग संख्या 26** | **50524000** | **42311644** |

*भारत सरकार से 3077 मद में केन्द्रांश की राशि प्राप्त नहीं हुई है.

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| | **मांग संख्या 41-आदिवासी क्षेत्र उपयोजना** | | |
| | **107 संग्रहालय** | | |
| 1. | 5377-मुक्तांगन संग्रहालय | 5000000 | 5000000 |
| 2. | 25 सामग्री और पूर्तियां | 11500000 | 11500000 |
| 3. | 27 लघु निर्माण | 3500000 | 3500000 |
| | **योग मांग संख्या 41-5377-मुक्तांगन संग्रहालय** | **20000000** | **20000000** |

## मांग संख्या 26
## संस्कृति विभाग के बजट में वर्ष 2006-07 के लिए स्वीकृत राशि एवं मदवार खर्च का विवरण पत्रक

आयोजनेत्तर

| क्र. | मद का विवरण | वर्ष 2006-07 में बजट प्रावधान | वर्ष 2006-07 में खर्च की गई राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | **लेखा शीर्ष 2202** | | |
| | **102-आधुनिक भारतीय भाषाओं और साहित्य का संवर्धन** | | |
| 1. | 285- अर्थाभावग्रस्त ख्याति प्राप्त साहित्यकारों/कलाकारों को अनुदान. | 600000 | 330400 |
| 2. | 01 वेतन भत्ते आदि | 1425000 | 1230640 |
| 3. | 02 मजदूरी | 55000 | 0 |
| 4. | 03 यात्रा भत्ता | 42000 | 8724 |
| 5. | 04 कार्यालय व्यय | 113000 | 48250 |
| 6. | 08 प्रकाशन | 400000 | 386617 |
| | **लेखा शीर्ष 2205 कला और संस्कृति** | | |
| 7. | 4276- संगीत की दुर्लभ शैलियों व वाद्यों हेतु सहायता | 100000 | 98700 |
| 8. | 797-कला वीथिकाओं को अनुदान | 125000 | 125000 |
| 9. | 1028-विभिन्न उत्सव | 15000000 | 14959844 |
| 10. | 5437-राज्य प्रदत्त पुरस्कार | 1000000 | 925000 |
| | **103-पुरातत्व, 2318-निर्देशन तथा प्रशासन** | | |
| 11. | 01 वेतन भत्ते आदि | 4992000 | 3816897 |
| 12. | 02 मजदूरी | 310000 | 171213 |
| 13. | 03 यात्रा भत्ता | 164000 | 138151 |
| 14. | 04 कार्यालय व्यय | 710000 | 498123 |
| 15. | 27 लघु निर्माण 006 अन्य लघु निर्माण कार्य | 150000 | 52060 |
| 16. | 34 वाहनों का क्रय 003 हल्का वाहन | 400000 | 400000 |
| | **2685 -प्रकाशन खण्ड** | | |
| 17. | 01 वेतन भत्ते आदि | 439000 | 429202 |
| 18. | 03 यात्रा भत्ता | 13000 | 7827 |
| 19. | 04 कार्यालय व्यय | 220000 | 192500 |
| | **3481 माडलिंग खण्ड** | | |
| 20. | 01 वेतन भत्ते आदि | 525000 | 440237 |
| 21. | 03 यात्रा भत्ता | 15000 | 7234 |
| 22. | 04 कार्यालय व्यय | 265000 | 69402 |
| | **758 कंजर्वेशन सेल** | | |
| 23. | 01 वेतन भत्ते आदि | 1830000 | 1509276 |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 24. | 02 मजदूरी | 40000 | 15989 |
| 25. | 03 यात्रा भत्ता | 70000 | 47846 |
| 26. | 04 कार्यालय व्यय | 225000 | 223748 |
| 27. | 24 अनुरक्षण-002 मशीन तथा उपकरण | 1900000 | 1899234 |
| 28. | 009 अन्य भवन | 100000 | 93600 |
| 29. | 27 लघु निर्माण | 600000 | 514495 |
| | **104- अभिलेखागार 3675-राज्य पुरालेख संचालनालय** | | |
| 30. | 01 वेतन भत्ते आदि | 776000 | 685065 |
| 31. | 03 यात्रा भत्ता | 30000 | 27004 |
| 32. | 04 कार्यालय व्यय | 413000 | 183087 |
| | **107- संग्रहालय 4283 संग्रहालय** | | |
| 33. | 01 वेतन भत्ते आदि | 3422000 | 2928922 |
| 34. | 02 मजदूरी | 250000 | 123941 |
| 35. | 03 यात्रा भत्ता | 50000 | 24401 |
| 36. | 04 कार्यालय व्यय | 12078000 | 11756907 |
| 37. | 14 सहायक अनुदान | 10450000 | 10447837 |
| 38. | 26 वृहद निर्माण कार्य | 1500000 | 1500000 |
| | **2205-800- अन्य व्यय** | | |
| 39. | 1388-छात्रवृत्तियों की स्थापना | 100000 | 100000 |
| | **योग मांग संख्या 26** | **60897000** | **56417373** |

मांग संख्या 38

बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत प्राप्त होने वाला सहायता अनुदान वर्ष 2006-07 के लिए स्वीकृत राशि एवं मदवार खर्च का विवरण पत्रक

आयोजना

| क्र. | मद का विवरण | वर्ष 2006-07 में बजट प्रावधान | वर्ष 2006-07 में खर्च की गई राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | **2205-कला और संस्कृति**<br>**5723-बारहवें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त सहायता अनुदान** | | |
| 1. | पुरातत्व संरक्षण/संग्रहालय निर्माण योजना (मजदूरी, कार्यालय व्यय, प्रकाशन, प्रशिक्षण, सर्वेक्षण, अनुरक्षण, सम्मेलन, लघु निर्माण, मशीन उपकरण) | 25000000 | 18345308 |